# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

## प्रेस विज्ञप्ति / सूचना

शासन द्वारा निर्गत दिशानिर्देशों के क्रम में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेशित व्यवसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाऐं दिनांक 29–01–2024 से आयोजित की जानी थी।

उक्त क्रम में समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 27–01–2024 तक शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में विस्तारित की गई थी। विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र एवं वैरिफिकेशन का कार्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से सम्पन्न किया जा रहा है। उक्त के दृष्टिगत व्यवसायिक पाठ्यक्रम प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षाऐं मुख्य पाठ्यक्रम परीक्षाओं की भांति दिनांक 06–02–2024 से आयोजित की जायेगी। उक्त हेतु प्रथम सेमेस्टर का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की अन्य सेमेस्टरों की परीक्षाऐं यथावत संचालित की जायेगी। सम्बन्धित विद्यार्थियों को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करेंगे एवं निर्गत परीक्षा कार्यक्रम के अनुरूप ही प्रथम एवं अन्य सेमेस्टरों की परीक्षाऐं संचालित करने का कष्ट करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः प0नि0 / गोपनीय / 2024 / 2385 — दिनांकः 28–01–2024

प्रतिलिपि–

1– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 29–01–2024 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिंट, नैनीताल।
- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।

2– प्रभारी ई0आर0पी0, कु0वि0वि0 नैनीताल को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।

3–समस्त प्राचार्य / निदेशक सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने स्तर से परिसर / महाविद्यालय / संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित–प्रसारित करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।

4– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक